# आपूर्तिकर्ता आचरण के सिद्धांत

Ingevity ऐसे विशेष रसायन, उच्च-प्रदर्शन कार्बन सामग्री और विशेष रूप से निर्मित पॉलिमर प्रदान करती है, जिनका उपयोग विभिन्न प्रकार के चुनौतीपूर्ण अनुप्रयोगों में किया जाता है, जिनमें ऐस्फॉल्ट की सड़क बनाना, तेल की खोज और उत्पादन, कृषि रसायन, चिपकाने वाले पदार्थ, लूब्रिकेंट्स, प्रकाशन स्याही, कोटिंग्स, इलास्टोमर्स, बायोप्लास्टिक्स, और ऑटोमोटिव घटक शामिल हैं जो गैसोलीन वाष्प उत्सर्जन को कम करते हैं। प्रतिभाशाली और अनुभवी लोगों की टीम के माध्यम से, हम ऐसे उत्पादों और प्रक्रियाओं का विकास और निर्माण करके उन्हें बाज़ार में लाते हैं जो जटिल समस्याओं को हल करने में ग्राहकों की मदद करते हैं।

Ingevity में, हम ज़िम्मेदार आर्थिक, पर्यावरण-संबंधी और सामाजिक सिद्धांतों को अपनी वैश्विक व्यावसायिक रणनीति और निर्णय लेने की प्रक्रिया में एकीकृत करते हैं। हमारा उद्देश्य, आज और भविष्य में भी, हमारे आस-पास के परिवेश को शुद्ध, संरक्षित करते हुए और बढ़ाते हुए, Ingevity और हमारे सभी हितधारकों को लाभ प्रदान करना है।

Ingevity की आचार संहिता उन सिद्धांतों को निर्धारित करती है जो Ingevity के सभी कर्मचारियों पर लागू होते हैं और उन मूल्यों के साथ संरेखित होते हैं जो हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं, जैसा कि हमारी सांस्कृतिक विचारधारा, The IngeviWay, में वर्णित है:

- सुरक्षा और स्थिरता
- ग्राहक
- लोग
- सत्यनिष्ठा और नैतिक व्यवहार
- रचनात्मकता और नवप्रवर्तन
- उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता

विशेष रूप से, सत्यनिष्ठा और नैतिक व्यवहार, सुरक्षा और स्थिरता तथा लोगों से जुड़े मूल्यों का हमारे आपूर्तिकर्ता आचरण के सिद्धांतों में वर्णित सिद्धांतों से सीधा संबंध है।

हमारी ओर से यह ज़रूरी है कि हमारे आपूर्तिकर्ता, हमारे आपूर्तिकर्ता आचरण के सिद्धांतों में वर्णित सिद्धांतों का पालन करें।

Ingevity का मानना है कि स्थिरता का मतलब हमारी अपनी कंपनी, और हमारी आपूर्ति श्रृंखला में, आर्थिक प्रदर्शन, पर्यावरण की गुणवत्ता और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए हमारे प्रयास में हमारे प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों को शामिल करना है। इसलिए, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और व्यावसायिक भागीदारों से हमारे आपूर्तिकर्ता आचरण के सिद्धांतों में निर्धारित मानकों को स्थापित करने और उन्हें कायम रखने में एक सक्रिय दृष्टिकोण का उपयोग करने, तथा स्वयं ज़िम्मेदारी और सत्यनिष्ठा के साथ आचरण करने की अपेक्षा करते हैं।

Ingevity द्वारा अनुरोध करने पर और उसकी संतुष्टि के लिए, आपूर्तिकर्ताओं को इन सिद्धांतों के अनुपालन का प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। ये न्यूनतम आवश्यकताएं Ingevity और संबंधित आपूर्तिकर्ताओं के बीच सभी समझौतों का हिस्सा हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से इन सिद्धांतों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, उचित आंतरिक व्यावसायिक प्रक्रियाओं को विकसित और कार्यान्वित करने की अपेक्षा करते हैं। Ingevity इन सिद्धांतों के साथ आपूर्तिकर्ताओं के अनुपालन का आकलन करने के लिए, नियमित रूप से स्वतंत्र तृतीय पक्षों का उपयोग करती है। यदि कोई आपूर्तिकर्ता हमारे आपूर्तिकर्ता आचरण के सिद्धांतों के किसी भी पहलू को कायम रखने में विफल रहता है, तो उस आपूर्तिकर्ता से सुधारात्मक कार्यों को लागू करने की अपेक्षा की जाती है। Ingevity ऐसे किसी भी आपूर्तिकर्ता के साथ समझौते को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है जो यह प्रदर्शित नहीं कर सकता कि वह इन सिद्धांतों का पालन कर रहा है।

**इन सिद्धांतों के उल्लंघन की जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति को Ingevity से यहां संपर्क करना चाहिए:**
**s-global-trade-compliance@ingevity.com.**

नीचे दिए गए अनुच्छेदों में, हम सत्यनिष्ठा और नैतिक व्यवहार, सुरक्षा और स्थिरता, तथा लोगों के स्थिरता आयामों के अधीन Ingevity के आपूर्तिकर्ता आचरण के सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं।

ingevity®

# सत्यनिष्ठा और नैतिक व्यवहार

हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से, सत्यनिष्ठा के साथ और कानून का पालन करते हुए, नैतिक रूप से व्यापार करने की अपेक्षा करते हैं।

### कानूनों का अनुपालन करना आवश्यक है

Ingevity के आपूर्तिकर्ताओं को उन देशों, प्रांतों, राज्यों, क्षेत्रों और नगर पालिकाओं में लागू सभी कानूनों, संहिताओं, नियमों और विनियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करते हुए अपने व्यवसाय का संचालन करना होगा, जहाँ वे कार्य करते हैं।

### व्यावसायिक प्रथाएं

आपूर्तिकर्ता रिश्वतखोरी, सुविधा भुगतानों, मिलीभगत करके बोली लगाने, मूल्य तय करने या अन्य अनुचित व्यापार कार्यप्रणालियों में शामिल नहीं होंगे।

### उपहार

आपूर्तिकर्ताओं को इस बात का सम्मान करना होगा कि Ingevity के कर्मचारी ऐसा कोई उपहार या सहायता प्रदान या स्वीकार नहीं करते जो उनके द्वारा लिए गए निर्णयों को जोखिम में डाल सकते हैं या उनके बारे में संदेह उत्पन्न कर सकते हैं। उपहार और मनोरंजन से संबंधित Ingevity की नीति में कहा गया है कि इस समझ के साथ कोई भी उपहार प्रस्तुत या स्वीकार नहीं किया जाएगा कि बदले में किसी अनुचित लाभ की उम्मीद है। यहाँ तक कि किसी अनुचित कार्य के आभास से भी बचना चाहिए। आपूर्तिकर्ताओं से Ingevity के कर्मचारियों पर लगाए गए उपरोक्त प्रतिबंधों का सम्मान करने और उन्हें ऐसे उपहार या अन्य सहायता प्रस्तुत करके किसी असहज स्थिति में डालने से बचने की अपेक्षा की जाती है, जिन्हें वे स्वीकार नहीं कर सकते।

### सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

Ingevity अपने आपूर्तिकर्ताओं से दुनिया के उन देशों और क्षेत्रों में, जहाँ वे कार्य और व्यावसायिक लेन-देन करते हैं, आतंकवाद-विरोधी कानूनों का पालन करने के लिए उनकी अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने हेतु सुरक्षा नियंत्रण लागू करने की अपेक्षा करती है। Ingevity की अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए Ingevity ने विशेष रूप से अमेरिकी सीमा-शुल्क और सीमा सुरक्षा (CBP) के साथ भागीदारी की है और इसलिए उसकी ओर से यह ज़रूरी है कि सभी आपूर्तिकर्ता यह प्रदर्शित करें कि वे आतंकवाद के खिलाफ सीमा शुल्क-व्यापार साझेदारी (C-TPAT) के सुरक्षा मानदंडों, USCBP द्वारा प्रकाशित, तथा अधिकृत आर्थिक संचालक (AEO) दिशानिर्देशों को पूरा कर रहे हैं।

### हितों के टकराव

आपूर्तिकर्ताओं को Ingevity या उसके कर्मचारियों के साथ अपने लेन-देन में किसी भी संभावित, कथित, या वास्तविक हितों के टकराव से बचना होगा या तुरंत उसका खुलासा करना होगा। हितों के टकराव ऐसी स्थिति में उत्पन्न हो सकते हैं जब, Ingevity के व्यवसाय का संचालन करते समय, व्यक्तिगत लाभ या संबंध तृतीय पक्षों और/या Ingevity के कर्मचारियों के निर्णय और कार्यों को प्रभावित कर सकते हैं।

### गोपनीय जानकारी

Ingevity के आपूर्तिकर्ताओं को Ingevity की किसी भी गैर-सार्वजनिक जानकारी को सुरक्षित और गोपनीय रखना होगा, जिसमें वित्तीय जानकारी, कर्मचारियों की जानकारी, व्यापार रहस्य, व्यावसायिक जानकारी और व्यावसायिक योजनाएं शामिल हैं। आपूर्तिकर्ताओं को Ingevity से पूर्व प्राधिकरण के बिना ऐसी किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहिए और केवल Ingevity के वैध व्यावसायिक उद्देश्य के लिए ऐसी जानकारी का उपयोग करना चाहिए। Ingevity की ओर से आपूर्तिकर्ताओं के लिए Ingevity की गोपनीय जानकारी के गलत प्रयोग, दुरुपयोग, चोरी और गलत खुलासे को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाना ज़रूरी है।

### बौद्धिक संपदा

Ingevity के आपूर्तिकर्ताओं को Ingevity की बौद्धिक संपदा का उपयोग नहीं करना चाहिए, केवल उसे छोड़कर जो Ingevity की स्पष्ट लिखित अनुमति के अनुसार, और उसके अनुरूप हो।

# सुरक्षा और स्थिरता

हमारे आपूर्तिकर्ताओं को उन देशों में लागू सभी पर्यावरण-संबंधी, स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों, विनियमों और कानूनी आवश्यकताओं का पालन करना होगा जहाँ वे कार्य करते हैं।

### उत्पाद की गुणवत्ता और उत्पाद सुरक्षा

वे सभी उत्पाद जिन्हें आपूर्तिकर्ता Ingevity की ओर से बनाता है या बेचता है, उन्हें उनके इच्छित उपयोगों, और अन्य उचित रूप से पूर्वाभासी उपयोगों हेतु सुरक्षित होने के लिए डिज़ाइन किया और बनाया जाएगा। Ingevity ऐसे उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो लागू नियामक विनिर्देशों और गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं।

### संसाधनों की स्थिरता

स्थिरता के लिए Ingevity की प्रतिबद्धता में संसाधनों का कुशल उपयोग, पर्यावरण के प्रति सम्मान तथा सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल शामिल हैं। Ingevity अमेरिकन केमिस्ट्री काउंसिल के मार्गदर्शक सिद्धांत के ज़िम्मेदार देखभाल कार्यक्रम के लिए प्रतिबद्ध है, और अपने आपूर्तिकर्ताओं से उनके पर्यावरण-संबंधी, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदर्शन में लगातार सुधार करने के लिए इसी तरह की प्रतिबद्धता की अपेक्षा करती है।

### पर्यावरण

आपूर्तिकर्ताओं से यह सत्यापित करने की अपेक्षा की जाती है कि Ingevity के उत्पादों के निर्माण में उपयोग किया जाने वाला सारा कच्चा माल सभी लागू कानूनों और कानूनी आवश्यकताओं का पालन करके प्राप्त किया गया था। सुरक्षित प्रबंधन, आवाजाही, भंडारण, पुनर्चक्रण, पुनः उपयोग और निपटान सुनिश्चित करने के लिए, आपूर्तिकर्ताओं से पर्यावरण में छोड़े जाने पर ख़तरा उत्पन्न करने वाले पदार्थों की पहचान और प्रबंधन करने तथा उनके पुनर्चक्रण और निपटान के लिए लागू लेबलिंग कानूनों और विनियम का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

### कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य

आपूर्तिकर्ता कार्य परिवेश को ज्ञात ख़तरों से मुक्त रखेगा और काम करने की स्थिति से संबंधित सभी लागू कानूनों के अनुपालन का आश्वासन देना होगा, जिसमें कर्मचारी का स्वास्थ्य और सुरक्षा, साफ़-सफ़ाई, अग्नि सुरक्षा, जोखिम संरक्षण, तथा विद्त, यांत्रिक और संरचनात्मक सुरक्षा शामिल हैं।

# लोगों के लिए सम्मान

हम Ingevity में सभी सहकर्मियों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं तथा अपने आपूर्तिकर्ताओं से भी यही अपेक्षा करते हैं। अपमानजनक, उत्पीड़न करने वाला या घृणास्पद आचरण अस्वीकार्य है और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बाल, जबरन या अनैच्छिक मज़दूरी की अनुमति नहीं है

जैसे हमारी मानव अधिकार नीति और आधुनिक दासता नीति में बताया गया है, Ingevity यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हमारी पूरी आपूर्ति श्रृंखला में आधुनिक दासता से निपटने के लिए हमारे तरीके में पारदर्शिता है, जो 2015 के आधुनिक दासता अधिनियम के अधीन हमारे प्रकटीकरण दायित्वों के अनुरूप है। हम अपने सभी ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं, और अन्य व्यावसायिक भागीदारों से उन्हीं उच्च मानकों की अपेक्षा करते हैं, तथा अपनी प्रक्रियाओं के हिस्से के रूप में, हम जबरन, अनिवार्य या अवैध मज़दूरी के उपयोग, अथवा चाहे वयस्क हों या बच्चे, किसी को भी गुलामी या दासता में रखने, को निषेध करते हैं, तथा हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता स्वयं अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ उन्हीं उच्च मानकों को कायम रखेंगे।

### भेदभाव की अनुमति नहीं है

Ingevity आपूर्तिकर्ताओं द्वारा उनके श्रमिकों के साथ जाति, रंग, धर्म, सामाजिक या जातीय मूल, आयु, वैवाहिक स्थिति, गर्भावस्था, पंथ या राजनीतिक मान्यताओं, विकलांगता, यौन उन्मुखीकरण के आधार पर, या कानून द्वारा निषिद्ध किसी अन्य आधार पर, किसी भी तरह से भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेगी।

### उत्पीड़न की अनुमति नहीं है

Ingevity अपने आपूर्तिकर्ताओं से एक ऐसा कार्य परिवेश प्रदान करने की अपेक्षा करती है जो, मौखिक, शारीरिक या यौन उत्पीड़न सहित, किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से मुक्त हो। श्रमिकों के विरुद्ध प्रतिशोध या शारीरिक दंड की धमकी या हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। हर समय, श्रमिकों के साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाएगा।

### कोई अनिर्दिष्ट श्रमिक नहीं

आपूर्तिकर्ता केवल उन्हीं श्रमिकों की सेवाएं लेंगे जिनके पास काम करने का कानूनी अधिकार है।

### मुआवज़ा (वेतन और लाभ)

Ingevity की ओर से यह ज़रूरी है कि आपूर्तिकर्ता न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम, आंशिक कार्य, कर्मचारी लाभ, प्रतिदिन कार्य के अधिकतम घंटों या प्रति सप्ताह कार्य के अधिकतम दिनों से संबंधित सभी कानूनों और विनियमों का पालन करते हुए कर्मचारियों को मुआवज़ा दें।

### संगठित होने की स्वतंत्रता

आपूर्तिकर्ता लागू कानूनों और विनियमों द्वारा अनुमत ढंग से स्वतंत्र रूप से जुटने या संगठित होने तथा रोज़गार के मुद्दों से संबंधित समस्याओं को उजागर करने के लिए स्वतंत्र होने के श्रमिकों के अधिकार को मान्यता देंगे और उसका सम्मान करेंगे।

### आपूर्तिकर्ताओं की विविधता

आपूर्तिकर्ताओं को छोटे व्यवसायों, अल्पसंख्यक और महिला-स्वामित्व वाले व्यवसायों और अन्य विविध श्रेणियों के साथ जुड़कर, सक्रिय आपूर्तिकर्ता विविधता कार्यक्रम रखने तथा व्यवसायों और Ingevity के संचालन वाले समुदायों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### संघर्षपूर्ण खनिज

Ingevity अपने किसी भी उत्पाद में ऐसे कच्चे माल के उपयोग को बर्दाश्त नहीं करती जो सशस्त्र संघर्ष या मानवाधिकारों के हनन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देता है। आपूर्तिकर्ता के पास एक ऐसी नीति होगी जो संघर्षपूर्ण खनिजों की ज़िम्मेदार प्राप्ति को संबोधित करती है, जैसा डॉड-फ्रैंक वॉल स्ट्रीट सुधार एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 1502 तथा अगस्त 2013 में यू.एस. प्रतिभूति और विनिमय आयोग द्वारा अपनाए गए संघर्षपूर्ण खनिज नियमों में परिभाषित किया गया है। आपूर्तिकर्ता Ingevity को कोई संघर्षपूर्ण खनिज प्रदान नहीं करेगा।

### व्यक्तिगत डेटा

Ingevity के साथ व्यावसायिक गतिविधियों के संबंध में व्यक्तिगत डेटा के संग्रह, उपयोग, भंडारण, या अन्यथा प्रसंस्करण के समय, हम प्रत्येक आपूर्तिकर्ता से व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण पर लागू होने वाले सभी कानूनों और विनियमों का पालन करने तथा उसके पास मौजूद व्यक्तिगत डेटा के संरक्षण और सुरक्षा के लिए सभी उचित कदम उठाने की अपेक्षा करते हैं। Ingevity के कर्मचारियों के व्यक्तिगत डेटा या Ingevity द्वारा प्रदान किए गए अन्य व्यक्तिगत डेटा को शामिल करने वाले किसी भी डेटा उल्लंघन की स्थिति में, हम तुरंत सूचित किए जाने की अपेक्षा करते हैं।

ingevity®